कोठारी इंटरनेशनल स्कूल, नोएडा

मध्यावधि परीक्षा, सत्र 2025-26

कक्षा: 6, विषय: हिंदी

भाग-2 (साहित्य एवं लेखन), सेट- 'ए'

दिन व दिनांक: शनिवार - सितंबर 20, 2025

अधिकतम अंक: 40 | **निर्धारित समय: 2 घंटे**

नाम: ____________________ | **अनुक्रमांक: __________**

निर्देश -

- *इस प्रश्नपत्र में कुल 3 पृष्ठ हैं एवं प्रश्नों की संख्या 4 है |*
- *इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं - खंड -क- साहित्य एवं खंड-ख- लेखन |*
- *प्रश्न 1 में 2 अंक के 5 प्रश्न हैं जिनके लिए कुल 10 अंक निर्धारित हैं |*
- *प्रश्न 2 में 3 अंक के 3 प्रश्न हैं जिनके लिए कुल 9 अंक निर्धारित हैं |*
- *प्रश्न 3 के लिए 6 अंक तथा प्रश्न 4 के लिए 15 अंक निर्धारित हैं |*
- *सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है|*
- *उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ लीजिए |*

खंड 'क' - साहित्य **25 अंक**

प्रश्न-1 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं 5 प्रश्नों के उत्तर 20-30 शब्दों में दीजिए- **(2X5=10)**

I. 'हॉकी का जादूगर' किसे कहा गया है और क्यों? **2**

II. पाठ 'गोल' के आधार पर बताइए कि खेल के मैदान में धक्का - मुक्की और नोंक - झोंक जैसी घटनाएँ क्यों घटित होती है? **2**

III. 'आसमान में उड़ता सागर, लगा बिजलियों के स्वर्णिम पर' पाठ 'पहली बूंद' के आधार पर दी गई काव्य पंक्ति का अर्थ लिखिए| **2**

IV. पाठ 'पहली बूंद' के आधार पर बताइए कि बूढ़ी धरती क्या बनने को ललचाई और क्यों? **2**

V. पाठ 'हार की जीत' में बाबा भारती अपने घोड़े सुलतान के लिए क्या-क्या करते थे? **2**

VI. पाठ 'हार की जीत' के आधार पर बताइए कि खड्गसिंह के मन में पश्चाताप की भावना क्यों जगी? **2**

VII. पाठ 'रहीम के दोहे' के आधार पर बताइए कि सच्चा मित्र किसे कहा गया है और क्यों? **2**

प्रश्न-2- निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन (3) प्रश्नों के उत्तर 30 - 40 शब्दों में लिखिए - **(3x3=9)**

I. रहीमदास जी अपने दोहे के माध्यम से कहते हैं कि जीभ ऐसी बावरी होती है जो बिना सोचे - समझे कुछ भी बोल देती है| क्या आपने कभी बिना सोचे समझे किसी से कुछ कहा है? आपने क्या कहा और उसका क्या परिणाम हुआ लिखिए? **3**

II. पाठ 'हार की जीत' में खड्गसिंह ने बाबा भारती को धोखा दिया फिर भी बाबा भारती ने उसे माफ़ कर दिया| आपके विचार में बाबा भारती ने सही किया या गलत? तर्क सहित उत्तर लिखिए| अगर आपको कोई धोखा दे तो आप उसके साथ कैसा व्यवहार करेंगे? **3**

III. पाठ 'पहली बूंद' कविता में कवि बताते हैं कि सूखी और प्यासी धरती के होठों पर पहली बूंद अमृत के सामान गिरी| आप - अपने विचारों को व्यक्त करते हुए बताइए कि जब आप गर्मी से परेशान होते हैं तो आपके लिए अमृत के समान क्या होता है और क्यों? **3**

IV. पाठ 'गोल' में मेजर ध्यानचंद के खेल द्वारा उनके जीवन के गोल (लक्ष्य) को दिखाया गया है| आपके जीवन का गोल (लक्ष्य) क्या है? आप अपने गोल को पाने के लिए क्या सब करते हैं या करेंगे? **3**

पठित गद्यांश **6**

प्रश्न-3 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

ग्यारह वर्ष की उम्र में माताजी विवाह कर शाहजहाँपुर आई थीं। उस समय वह नितांत अशिक्षित एक ग्रामीण कन्या के समान थीं। शाहजहाँपुर आने के थोड़े दिनों बाद दादीजी ने अपनी छोटी बहन को बुला लिया। उन्होंने माताजी को गृहकार्य की शिक्षा दी। थोड़े दिनों में माताजी ने घर के सब काम-काज को समझ लिया और भोजनादि का ठीक-ठीक प्रबंध करने लगीं। मेरे जन्म होने के पाँच या सात वर्ष बाद उन्होंने हिंदी पढ़ना आरंभ किया। पढ़ने का शौक़ उन्हें ख़ुद ही पैदा हुआ था। मुहल्ले की सखी-सहेली जो घर पर आया करती थीं, उन्हीं में जो शिक्षित थीं, माताजी उनसे अक्षर-बोध करतीं। इस प्रकार घर का सब काम कर चुकने के बाद जो कुछ समय मिल जाता, उसमें पढ़ना-लिखना करती। परिश्रम के फल से थोड़े दिनों में ही वह देवनागरी पुस्तकों का अध्ययन करने लगीं।

i)	रामप्रसाद बिस्मिल की माताजी का विवाह किस उम्र में हुआ?	1
ii)	दादीजी ने अपनी छोटी बहन को क्यों बुलाया?	1
ii)	रामप्रसाद बिस्मिल के जन्म के बाद उनकी माताजी ने क्या पढ़ना आरंभ किया?	1
iv)	माताजी किससे अक्षर - बोध (शिक्षा ग्रहण) करती थी?	1
v)	उपरोक्त गद्यांश में से कोई दो संज्ञा शब्द ढूँढकर लिखिए|	2

खंड 'ख' - लेखन **15 अंक**

प्रश्न-4- दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर 6-7 पंक्तियों का अनुच्छेद लिखिए| **(5X1=5)**

i) ऑनलाइन पढ़ाई का अनुभव

अथवा

जब भी मैं खुश होता/होती हूँ........

ii) **दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर 7-8 पंक्तियों में आत्मकथा लिखिए-** **(5X1=5)**

झरने की आत्मकथा

अथवा

स्कूल बैग की आत्मकथा

iii) **दिए गए चित्र का वर्णन 6-7 पंक्तियों में कीजिए -** **(5X1=5)**